शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

पंचकुइयां रोड के टाइप "ए" दुमंजिले सरकारी क्वार्टरों में पानी का संकट

2689. **श्री गणेश्वर कुसुम** : क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार को मालूम है कि पिछले तीन वर्षों से पंचकुइयां रोड के टाइप "ए" दुमंजिले क्वार्टरों की पहली मंजिल में पानी का गम्भीर संकट बना हुआ है ;

(ख) क्या कालोनी की एसोसिएशन ने सार्वजनिक प्रतिनिधियों (काउंसिलरों, संसद सदस्यों) के द्वारा इस गम्भीर समस्या की ओर सरकार का ध्यान दिलाया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस कालोनी में पहली मंजिल के मकानों में रहने वालों ने अपने खर्च से पानी की सप्लाई के मुख्य पाइप से हाथ के पम्प लगा लिये हैं और यदि हां, तो क्या यह सरकारी नियमों के विरुद्ध हैं ;

(घ) क्या यह भी सच है कि कुछ समय पहले इस कालोनी में जमीन के नीचे पानी का एक टैंक बनाने की स्वीकृति दी जा चुकी है ; और यदि हां, तो अब काम किस अवस्था में है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो आने वाली गर्मियों के मौसम से पहले पहली मंजिल के क्वार्टरों को पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) यह ध्यान में आया है कि प्रथम तल के कुछेक आवंटियों ने मुख्य लाइन में हैण्ड पम्प लगवा लिए हैं, क्योंकि प्रथम तल की पानी की लाइनों में पहुंचने वाला पानी का दबाव बहुत ही कम है । इस प्रकार के हैण्ड पम्प लगाना सरकारी नियमों का उल्लंघन है ।

(घ) और (ङ) इस क्षेत्र में बूस्टिंग प्रबन्ध सहित एक पृथक भूमिगत पानी का टैंक बनाने का प्रस्ताव किया गया है। इस प्रयोजन के लिए एक उपयुक्त भूमि स्थल का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं । प्रथम तल के क्वार्टरों में अलग से पानी के कनेक्शन देने का भी प्रस्ताव है । जल आपूर्ति बढ़ाने के लिए कुछ हैण्ड-पम्प लगाने का भी प्रस्ताव है, यद्यपि इस प्रकार के हैण्ड-पम्प लगाना कठिन है, क्योंकि यह क्षेत्र चट्टानी है । इसके बावजूद भी, यदि पानी की अभी भी कमी होती है, तो आवंटियों की मांग पर नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा पानी के टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति बढ़ाई जायेगी ।

Take over of VISL by SAIL

2690. SHRI J. P. JAVALI: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the pro cess to take over Vishveswaraiah Iron and Steel Ltd., by Steel Authority of India has been completed; and

(b) if not, by , when Steel Authority of India Limited would take over VISL? •

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI MAKHAN LAL FOTE-DAR): (a) No, Sir.

(b) No time frame can be indicated at this stage.

Loss of contracts in West Asia

2691. SHRI SHAMIM HASHMI: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether it is a fact that India is losing contracts for engaging workers in